# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली

(NAAC A++ Accredited; UGC Category 1 State Research University)

दिनांक 1.4.2025

सेवा में

विभागाध्यक्ष/ संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर

प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय, अनुदानित, संघटक/ स्ववित्तपोषित महाविद्यालय

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली

**विषय:** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस 14 अप्रैल 2025 के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में

महोदय/महोदया ,

मान. कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश के पत्रांक ई-2023/32 जी.एस./ 2025 दिनांक 1अप्रैल 2025 के संदर्भगत विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में **अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाना है तथा इसमें चयनित प्रथम व द्वितीय स्थान के विजेताओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाना है **भाषण प्रतियोगिता के विषय** निम्नवत होंगे-

1. विकसित भारत की संकल्पना
2. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी (technology) का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय
3. नए प्रौद्योगिकी युग (technology age) में भारत के संविधान में सुधार की सीमा तक?
4. भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, भारत का संविधान एवं अमृत काल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग?

आपसे अनुरोध है कि भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अपने विभाग/ महाविद्यालय में **दिनांक 5 अप्रैल 2025 ( शनिवार) तक संपन्न करवा** प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता विद्यार्थियों के नाम, कक्षा , पिता का नाम, मोबाइल नंबर तथा आयोजित प्रतियोगिता की रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित पीडीएफ फाइल में दी गई ईमेल आईडी culturalcentermjpru@gmail.com पर प्रेषित करें |इस संदर्भ में यह भी सूच्य है कि इस **भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता विद्यार्थियों के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 7 अप्रैल 2025 (सोमवार) को अपराहन 11 बजे विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र में किया जाएगा।**

(डॉ. ज्योति पाण्डेय)
सांस्कृतिक समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. निजी सचिव कुलपति को मा. कुलपति जी के संज्ञानार्थ
2. कुलसचिव
3. वित अधिकारी
4. परीक्षा नियंत्रक
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/चीफ प्रॉक्टर/क्रीड़ा सचिव/ समस्त वार्डन
6. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली मुरादाबाद परिक्षेत्र बरेली
7. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली
8. मीडिया प्रभारी
9. उपकुलसचिव (प्रशासन /परीक्षा)
10. वेबसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

(डॉ. ज्योति पाण्डेय)
सांस्कृतिक समन्वयक